Point: 205

Department: Commercial Tax

कार्यालय आयुक्त वाणिज्यिक कर मध्यप्रदेश

इन्दौर, दिनांक 15-11-2010

क्रमांक/वाक/कम्प्यूटर/376

प्रति,

वाणिज्यिक कर अधिकारी (समस्त)
वाणिज्यिक कर विभाग, इन्दौर

विषयः ऑन लाइन सुविधाओं हेतु "ई-सुविधा केन्द्र" खोले जाने बावत्।

आपको इस कार्यालय के ई-मेल दिनांक 27.10.2010 द्वारा निर्देशित किया गया था कि व्यवसाईयों द्वारा ऑनलाईन रिटर्न फाईलिंग, फार्म-49 डाउनलोड एवं अन्य ऑनलाईन सुविधाओं हेतु आपके वृत्त कार्यालय में एक काउन्टर खोला जावे तथा उसमें कार्य के लिए अपने वृत्त से आईटी ऑपरेटर/क्लर्क को संलग्न किया जावे ताकि अधिक से अधिक व्यवसायी ऑनलाईन सुविधाओं का लाभ ले सके एवं उनको इस संबंध में आने वाली समस्याओं का निराकरण भी करवाया जा सके। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि इस संबंध में व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने वृत्तों में काउन्टर खोलें जिसमें ऑनलाईन रिटर्न फाईलिंग, फार्म-49 डाउनलोड एवं अन्य ऑनलाईन सुविधाओं के लिए एक आईटी ऑपरेटर एवं उनके सहयोग के लिए एक लिपिक को पदस्थ किया जावे एवं व्यवसाईयों उपरोक्त कक्ष में कम्प्यूटर पर डाउनलोडिंग एवं अन्य ऑन लाइन सुविधाओं की प्रक्रिया समझाते हुये सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जावे तथा उनके अनुरोध पर वेबपोर्टल के माध्यम से प्रारूप-49 के उनकी आवश्यकतानुसार प्रिन्ट भी उपलब्ध कराये जावें एवं यह भी प्रयास किया जावे कि फार्म-49 प्राप्त करने की पुरानी व्यवस्था को हतोत्साहित कर अधिक से अधिक फार्म-49 नवीन व्यवस्था द्वारा डाउनलोड किये जावें।

दिनांक 15/11/2010 तक सुविधा केन्द्र स्थापित कर,पालन प्रतिवेदन भेजें।

(संजीव सिंह)
अपर आयुक्त, आईएएस
वाणिज्यिक कर, इन्दौर

इन्दौर, दिनांक

पृ. क्र./वाक/कम्प्यूटर/
प्रतिलिपि,
समस्त संभागीय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर मध्यप्रदेश

(संजीव सिंह)
अपर आयुक्त, आईएएस
वाणिज्यिक कर, इन्दौर

Chetak Chamber, Indore Service Center